फतेहगढ़ पुलिस

UTTAR PRADESH 112 EMERGENCY

जनहित न्यूज

एसपी आरती सिंह की अपील: बिना हेलमेट न चलें, ट्रैफिक नियमों का करें पालन

ट्रैफिक नियम तोड़ने पर सख्ती: पुलिसकर्मियों के भी कट रहे चालान

पुलिस अधीक्षक आरती सिंह

जनहित न्यूज यूपी फर्रुखाबाद जनपद में बढ़ते सड़क हादसों को लेकर पुलिस प्रशासन सख्त हो गया है। पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने आम जनता से अपील करते हुए कहा है कि दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट अवश्य पहनें और यातायात नियमों का पूरी तरह पालन करें।मीडिया से बातचीत में एसपी ने बताया कि देशभर में हर साल करीब डेढ़ से दो लाख लोगों की मौत सड़क दुर्घटनाओं में होती है। इसी को देखते हुए भारत सरकार द्वारा 'जीरो फेटलिटी डिस्ट्रिक्ट' प्रोग्राम लागू किया गया है, जिसके तहत सड़क हादसों को कम करने के लिए विशेष अभियान चलाए जा रहे हैं। फर्रुखाबाद जनपद में भी हाल के दिनों में सड़क दुर्घटनाओं में बढ़ोतरी दर्ज की गई है, जिसको गंभीरता से लेते हुए सख्त कदम उठाए जा रहे हैं।इसी के तहत जिले में प्रवर्तन कार्रवाई तेज कर दी गई है। बिना हेलमेट वाहन चलाने वालों के खिलाफ लगातार चालान किए जा रहे हैं। एसपी ने स्पष्ट किया कि नियमों का उल्लंघन करने वाले पुलिसकर्मियों को भी बख्शा नहीं जा रहा है और उनके भी चालान काटे जा रहे हैं।उन्होंने बताया कि प्रमुख चौराहों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में विशेष चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। यातायात पुलिस के साथ-साथ थाना पुलिस को भी सक्रिय किया गया है, ताकि नियमों का पालन हर हाल में सुनिश्चित कराया जा सके। साथ ही लोगों को जागरूक करने के लिए लगातार अभियान भी चलाए जा रहे हैं।एसपी ने लोगों से अपील की कि सड़क पर निकलते समय अपनी सुरक्षा को प्राथमिकता दें, हेलमेट पहनकर ही घर से बाहर निकलें और सभी यातायात नियमों का पालन करें, ताकि दुर्घटनाओं पर प्रभावी रोक लगाई जा सके।

मीडिया सेल फतेहगढ़